(ग) मौजूदा मानक के अनुसार गाड़ियों में सुविधाएं मुहैया करायी गई हैं। यात्रियों के लिए विधाओं/सुख-सुविधाएं बढ़ाना तथा उसमें सुधार करना एक सतत् प्रक्रिया है। गाड़ियों में मुहैया करायी गई कुछ अतिरिक्त सुविधाओं में दूसरे दर्जे के शयनयान सवारी डिब्बों में गद्दियों, वाला शयनयान सवारी डिब्बों में बिस्तरों, कुछ सुपरफास्ट गाड़ियों मे गाड़ी अधीक्षकों चुनिंदा गाड़ियों में चल गाड़ी सफाई कर्मचारियों आदि की व्यवस्था करना शामिल है।

मैसर्स ए0एच0 व्हीलर एंड कम्पनी द्वारा ठेके की निबंधन शर्तों का उल्लंघन

5562. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर बुक स्टाल लगाने के लिये मैसर्स ए. एच. व्हीलर एंड कम्पनी को दिये गये ठेके की समीक्षा की है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त कम्पनी को ठेके की शर्तों का उल्लंघन करते पाया गया है ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) उक्त कम्पनी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी है ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ़) : (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता।

मध्य प्रदेश में रेल यात्री सुविधाओं संबंधी विस्तार योजना के अन्तर्गत यात्रियों को सुविधाएं प्रदान किया जाना

5563. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में वर्ष 1994-95 के दौरान रेल यात्री सुविधाओं संबंधी विस्तार योजना के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) इस उद्देश्य के लिए तैयार किय गये समयबद्ध कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ़) : (क) स्टेशनों पर अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था करना एक सतत् प्रक्रिया है और जहां कहीं यातायात मांगों की आवश्यकता होती है वहां धन की उपलब्धता और विभिन्न स्टेशनों की तुलनात्मक प्राथमिकताओं के आधार पर इन कार्यों को हाथ में लिया जाता है। तदनुसार 1994-95 में मध्य प्रदेश राज्य में रेलवे स्टेशनों पर 5 लाख रुपये प्रत्येक से अधिक की लागत वाले निम्नलिखित कार्य प्रारंभ किए गए थे :--

(लागत लाख रूपयों में)

स्टेशन	कार्य	लागत
अनूपपुर . .	प्रतीक्षा हाल/कक्ष का विस्तार और प्लेटफार्म सायबान का विस्तार	16.16
बालाघाट . .	प्लेटफार्म सायबान का विस्तार	11.96

स्टेशन	कार्य	लागत
भाटापाड़ा .	ऊपरी पैदल पुल का बदलाव	21.97
भिलाई नगर	ऊपरी पैदल पुल की व्यवस्था	7.88
भीमसेन .	प्लेटफार्म सायबान की व्यवस्था	5.91
भोपाल .	प्लेटफार्म नं० 3 और 4 पर धुलनीय एप्रन	36.10
बिलासपुर	अतिरिक्त ऊपरी पैदल पुल और लाइन नं० 3 पर धुलनीय एप्रन	36.52
बुदनी .	ऊपरी पैदल पुल	8.28
चक्रधाता .	फ्लैग स्टेशन में परिवर्तन	8.84
छिंदवाड़ा .	प्लेटफार्म सायबान का विस्तार	11.96
डोंगर गढ़.	प्लेटफार्म सायबान का विस्तार	8.98
दुर्ग .	प्लेटफार्म नं० 2/3 पर सायबान का विस्तार और परिचलन क्षेत्र आदि में सुधार	39.75
गाडरवाड़ा.	बुकिंग कार्यालय आदि को स्थानांतरित करना	10.69
गंज बासौदा	स्टेशन इमारत का सौंदर्योकरण	5.25
गुना .	सवारी डिब्बों में पानी भरने की व्यवस्था में सुधार	7.44
ग्वालियर .	प्लटफार्म नं. 1 पर धुलनीय एप्रन और पैदल–ऊपरी पुल का विस्तार	37.28
हयबंध .	अप और डाऊन प्लेटफार्मों पर सायबान की व्यवस्था	5.99
होशंगाबाद .	ऊपरी पैदल पुल का विस्तार	9.45
हाऊबाग .	प्लेटफार्म सायबान का विस्तार	5.97
इंदौर .	रेलपथ नं० 4 पर धुलनीय एप्रन	15.46
इटारसी	यात्री सुविधाओं मे सुधार	138.74
जबलपुर .	मुख्य जल शीतक और प्लेकफार्म नं. 1 पर धुलनीय एप्रन का विस्तार	17.61
जबलपुर मण्डलों	2 स्टेशनों पर 110 वोल्ट बैटरी चार्जिग	7.28

(लागत लाख रूपयों में)

स्टेशन	कार्य	लागत
करगी रोड	प्लेटफार्म को ऊंचा उठाना और ऊपरी पैदल पुल की व्यवस्था	14.42
खंडवा	प्रतीक्षा हाल की व्यवस्था	20.49
खिरकिया	ऊपरी पैदल पुल	8.66
किरोड़ी मल नगर	ऊपरी पैदल पुल की व्यवस्था	7.88
नसीराबाद	ऊपरी पैदल पुल की व्यवस्था	7.35
ओंकारेश्वर	स्टेशन इमारत का सौंदर्यीकरण	8.71
पथरिया	नई स्टेशन इमारत	5.07
रायपुर	प्लेटफार्म सायबान की व्यवस्था	8.92
रतलाम	प्लेटफार्म नं. 6 पर धुलनीय एप्रन और प्लेटफार्म नं. 4 – 6 पर सायबान का विस्तार	41.90
रूठियाई	स्टेशन इमारत मे सुधार और प्लेटफार्म आदि को ऊंचा करना	13.09
सांची	अप प्लेटफार्म पर सायबान की व्यवस्था	5.54
शहडोल	प्लेटफार्मों को ऊंचा करना और प्लेटफार्म सायबान की व्यवस्था	22.04
शाजापुर	पानी की आपूर्ति में सुधार	12.91
उज्जैन	लाइन सं. 1 पर धुलनीय एप्रन	26.97

(ख) मध्य प्रदेश राज्य में आगामी वर्षों में जब भी यात्री यातायात में वृद्धि के कारण अपेक्षित होगा धन की समग्र उपलब्धता के अनुसार ऐसे और भी कार्य प्रारम्भ किए जाएंगे ।

Insurance Scheme for rail passengers

5564. SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government are going to introduce an insurance scheme for the railway passengers;